लेसर फ्लेमिंगो

[स्रोत: द हिंदू]

हाल ही में बड़ी संख्या में **लेसर फ्लेमिंगो (छोटे राजहंस)** गुजरात के पोरबंदर स्थित **छाया तालाब** में पहुँचे हैं। यहाँ से वे **भारत-पाकिस्तान सीमा** के पास स्थित [ग्रेट रण ऑफ कच्छ] की ओर **प्रजनन** के लिये प्रवास करेंगे।

लेसर फ्लेमिंगो (*??????????? ?????*):

- यह **फ्लेमिंगो की सबसे छोटी प्रजाति** है, जो **उप-सहारा अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और अरब खाड़ी** के कुछ हिस्सों में पाई जाती है।
- भारत में यह मुख्य रूप से **लवणीय जलाशयों** और **तटीय क्षेत्रों** में निवास करती है।
- **IUCN** द्वारा इसे **निकट संकटग्रस्त (Near Threatened) श्रेणी** में वर्गीकृत किया गया है। यह **CITES** के परिशिष्ट-II में सूचीबद्ध है। साथ ही, यह **[वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (WPA), 1972]** की अनुसूची-IV के अंतर्गत संरक्षित है।

फ्लेमिंगो:

- **परिचय:** [फ्लेमिंगो] **लंबे, जलीय पक्षी** होते हैं, जो अपनी **लंबी**, **एस-आकार की गर्दन** और **पतली, स्तंभनुमा टाँगों (stick-like legs)** के लिये जाने जाते हैं।
  - ये **अत्यंत सामाजिक** होते हैं और प्रायः **बड़े झुंडों** में देखे जाते हैं, जो उथले तथा सुपोषण के जलाशयों जैसे- **लवणीय लैगून**, **साल्टपैन** और **क्षारीय झीलों** में निवास करते हैं।
- **प्रजातियाँ:** विश्वभर के **उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों** में फ्लेमिंगो की 6 प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से **भारत में केवल 2 प्रजातियाँ (ग्रेटर फ्लेमिंगो और लेसर फ्लेमिंगो)** पाई जाती हैं।
  - **अन्य प्रजातियाँ:**
    - **चिली फ्लेमिंगो** (फीनिकोप्टेरस चिलेंसिस)
    - **अमेरिकन/कैरेबियन फ्लेमिंगो** (फीनिकोप्टेरस रूबर)
    - **एंडियन फ्लेमिंगो** (फीनकूपरस एंडिनस)
    - **जेम्स या पुना फ्लेमिंगो** (फीनकूपरस जेम्सी)
- **आहार एवं रंग-रूप:** फ्लेमिंगो **शैवाल**, **शंख-घोंघे** और **क्रस्टेशियन** का आहार करते हैं। उनके **पंखों का रंग**, जो **सफेद से लेकर गुलाबी** और नारंगी तक हो सकता है, उनके आहार में उपस्थित **कैरोटीनॉयड पिगमेंट** द्वारा निर्धारित होता है।
- **सामान्य प्रवास मार्ग:**



और पढ़ें: फ्लेमिंगो, हिमालयन आइबेक्स और ब्लू शीप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lesser-flamingos